web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 27 फरवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 150

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमेरिका को खजाना सौंपने जा रहा यूक्रेन, ट्रंप के दबाव के आगे नतमस्तक हुए जेलेंस्की

**यूक्रेन ।** रूस- यूक्रेन बीच हो रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका लगातार प्रयास कर रहा हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप की नीति के आगे आखिरकार यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की घुटने टेकते नजर आ रहे हैं। यूक्रेनी सुरक्षा अधिकारियों ने कहा है कि यूक्रेन ने अमेरिका के साथ खनिज सौदे पर सहमति जताई है। इस सौदे की कीमत 500 बिलियन डॉलर बताई जा रही है, जिसे रूस के साथ युद्ध समाप्त करने की वार्ता से पहले यूक्रेन द्वारा अमेरिका को अपने पक्ष में लाने के तरीके के रूप में देखा जा रहा है। बीते दिन ट्रंप ने जेलेंस्की को तानाशाह बताया था। अमेरिका के द्वारा लगातार यूक्रेन पर खनिज समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। जिसे मानने से जेलेंस्की इनकार कर रहे थे, हालांकि अब इस दबाव के आगे यूक्रेन के राष्ट्रपति झुक गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को जेलेंस्की व्हाइट हाउस का दौरा करने वाले हैं। इस यात्रा को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि बैठक में ज़ेलेंस्की यूक्रेनी खनिजों के बारे में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित सौदे पर सहमत हो सकते हैं। यूक्रेन को उम्मीद है कि यह सौदा ट्रम्प प्रशासन के साथ संबंधों को बेहतर बनाएगा, दीर्घकालिक सुरक्षा संबंधों को मजबूत करेगा और यूक्रेन युद्ध को समाप्ति के करीब ले जाएगा। इस समझौते में विशाल खनिज, तेल, गैस जैसे चीजें शामिल हैं। अमेरिका के द्वारा यह समझौता संभावित राजस्व के 500 बिलियन डॉलर के हिस्से की अपनी मांग को छोड़ने के बाद हुआ है।

### ट्रंप की 'गोल्ड कार्ड' योजना, 43 करोड़ 55 लाख देकर बन जाओ अमेरिकी नागरिक

**न्यूयॉर्क ।** एक तरफ जहां अमेरिका अवैध प्रवासियों को वापिस उनके मुल्क भेज रहा है तो दूसरी तरफ अब राष्ट्रपति ट्रंप ने नया पैतरा अपनाया है। ट्रंप ने निवेशकों को लुभाने के लिए एक योजना बनाई है। ट्रंप की योजना के मुताबिक, जिन लोगों को अमेरिकी नागरिकता चाहिए उन्हें 50 लाख डॉलर (लगभग 43 करोड़ 55 लाख) रुपए खर्च करने होंगे। ये गोल्ड कार्ड अमेरिका के 35 साल पुराने निवेशक वीजा की जगह लेंगे। इसका एलान करते हुए ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि 'इस तरह नागरिकता लेने वाले लोग अमीर और सफल होंगे। वे बहुत सारा पैसा खर्च करेंगे और यहां टैक्स का भुगतान करेंगे। साथ ही वे लोगों को रोजगार भी देंगे। हमें लगता है कि यह योजना बेहद सफल होने वाली है।' यह गोल्ड कार्ड, ग्रीन कार्ड का प्रीमियम वर्जन होगा। गोल्ड कार्ड प्राप्त करने के बाद न सिर्फ अमुख व्यक्ति को ग्रीन कार्ड से ज्यादा खास अधिकार होंगे, बल्कि अमेरिका में निवेश करने और नागरिकता प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। भविष्य में एक मिलियन यानी 10 लाख कार्ड बेचे जाएंगे।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा एक्शन, 4 भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन ।** अमेरिका ने ईरान को कमजोर करने के लिए उसके पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज से जुड़ी 16 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस लिस्ट में 4 भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। यह कदम अमेरिकी प्रशासन के ईरान पर प्रतिबंधों को और कड़ा करने के अभियान का हिस्सा है। जिन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं उनमें ऑस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड,बीएसएम मरीन एलएलपी,कॉसमॉस लाइन्स इंक और फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी शामिल है। बता दें कि भारत की ओर से अब तक इस प्रतिबंध पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि इन कंपनियों को ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज से जुड़े व्यापारिक संबंधों के लिए प्रतिबंधित किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि अमेरिका इस अवैध शिपिंग नेटवर्क को बाधित करेगा, जो एशिया में खरीदारों को ईरानी तेल बेचने के लिए काम करता है। बयान में यह भी बताया गया कि यह नेटवर्क सैकड़ों मिलियन डॉलर के कच्चे तेल के कई बैरल को अवैध शिपिंग के जरिए बेचने की कोशिश कर रहा था। यह कदम राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल से शुरू हुई ईरान पर दबाव डालने की नीति का हिस्सा है, जो तेल राजस्व के जरिए ईरान के आतंकवाद को आर्थिक रूप से कमजोर करने के प्रयासों के मद्देनजर लिया गया है।

# महाशिवरात्रि : देशभर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

**नई दिल्ली । आरएनएस**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर देशभर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। बोम बम और हर हर महादेव के जयकारों से शिवालय गुंजायमान हो रहे हैं। काशी विश्वनाथ से लेकर हरिद्वार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और बिहार तक श्रद्धालु अपने इष्टदेव भगवान शिव का लोग अभिषेक कर रहे हैं।

काशी में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था है। काशी में महाशिवरात्रि के दौरान, मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सभी गेट खोले गए हैं, जिससे भक्तों को सुगमता से दर्शन का लाभ मिल रहा है। हालांकि, अखाड़ों की पेशवाई के दौरान तीन घंटे तक श्रद्धालुओं के दर्शन पर रोक रहेगी, जब नागा साधु संत काशी विश्वनाथ में जलाभिषेक करेंगे। मंदिर प्रशासन ने इस दौरान वीआईपी दर्शन पर भी रोक लगा रखी है।

मुंबई के वसई और नालासोपारा में महाशिवरात्रि की धूम है। विरार और नालासोपारा क्षेत्रों में तुंगारेश्वर महादेव मंदिर सहित कई प्राचीन शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। सुबह से ही भक्तगण पूजा-अर्चना में लीन हैं और महादेव के जयकारे से वातावरण गूंज रहा है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

हरिद्वार में महाशिवरात्रि के अवसर पर कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव, तिलभांडेश्वर महादेव, दरिद्र भंजन और अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। भक्त बेलपत्र, दूध, दही, शहद, भांग, धतूरा और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं। वहीं, कांवड़ यात्रा में आए श्रद्धालु हर की



पैड़ी पर गंगा स्नान कर शिवालयों में जल चढ़ाते हुए देखे जा रहे हैं।

बिहार के मोतिहारी स्थित अरेराज का सोमेश्वर नाथ मंदिर भी महाशिवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं से भरा हुआ है। यहां नेपाल से भी भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रशासन ने अर्घा सिस्टम (मंदिरों में इस सिस्टम के जरिए श्रद्धालु जल और फूल लेकर भगवान शिव को अर्पण करते हैं) लागू किया है, ताकि भगदड़ की घटना न हो।

नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और हिमाचल के नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना गुजरात के द्वारका के पास स्थित नागेश्वर ज्योतिर्लिंग में भी महाशिवरात्रि के दिन भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी है। श्रद्धालु भगवान शिव की आरती में सम्मिलित होकर अपने जीवन की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना कर रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के विश्वविख्यात नैना देवी मंदिर में भी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य पूजा अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। यहां पांडवों द्वारा स्थापित शिव मंदिर में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा कर रहे हैं। इस अवसर पर भजन संध्या और शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है।

आचार्य पंकज अग्निहोत्री ने महाशिवरात्रि के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि यह दिन भगवान शिव के दर्शन और पूजा के लिए विशेष है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन चार पहर की पूजा का विशेष महत्व है और जो भक्त इस दिन व्रत एवं पूजा करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### महाशिवरात्रि : अदा शर्मा ने सुनाया शिव तांडव स्तोत्र, भक्ति में लीन दिखीं अभिनेत्री

**मुंबई (आरएनएस)।** अभिनेत्री अदा शर्मा की भगवान शिव में विशेष आस्था है। महाशिवरात्रि के अवसर पर अदा ने प्रशंसकों को खास अंदाज में शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह शिव तांडव स्तोत्र सुना रही हैं। इंस्टाग्राम पर महाशिवरात्रि के अवसर पर एक वीडियो शेयर करते हुए अदा ने खास अंदाज में शिव भक्तों और प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं। अदा शर्मा ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, आप सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं। शेयर किए गए वीडियो में वह 'शिव तांडव स्त्रोत' प्रस्तुत करती नजर आईं। अदा ने स्त्रोत को अपनी आवाज दी है।

## गंगा स्नान करने गई 4 बच्चियां डूबी, 2 को सुरक्षित बचाया गया 2 का शव बरामद

**मीरजापुर । आरएनएस**

गंगा स्नान करने गई चार किशोरियों के गंगा नदी में डूब जाने से कोहराम मच गया। बाद में ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से दो किशोरियों को सुरक्षित बचा लिया गया है जबकि दो किशोरियों के शव दोपहर



बाद गंगा नदी से बरामद किया गया है। घटना की जानकारी होते ही इलाके में हडक़ंप मच गया था। बताते चलें कि मिजऱ्ापुर जिले के चुनार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जमालपुर माफी गांव के समीप बुधवार को सुबह तकरीबन 8 बजें चार बच्चियां गंगा स्नान करने गई हुईं थी। जहां स्नान के दौरान सभी गहरे पानी में जाकर डूबने लगी थी जिन्हें डूबता हुआ देख स्थानीय लोगों ने किसी तरह तत्परता बरतते हुए 2 बच्चियों को तो सुरक्षित बचाया लिया था, लेकिन 2 को बचाया नहीं जा सका था। दोनों गहरे पानी में चले जाने से डूब गई थीं। जिसकी जानकारी होते ही हडक़ंप मच गया था, मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए थें। सूचना होने पर मौके पर पहुंची चुनार कोतवाली पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबी लड़कियों के शव को बरामद करने में लगी हुई थी। दोपहर बाद में पुलिस और गोताखोरों ने ग्रामीणों की मदद से डूबी हुई दो बच्चियों कुसुम पुत्री रामगरीब, काजल पुत्री राजू के शव को बरामद कर लिया है। जिनका शव मिलते ही गांव परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

घटनाक्रम की जानकारी देते हुए उपजिलाधिकारी चुनार ने बताया कि बच्चियां जहां स्नान करने गई हुईं थी वह कोई गंगा घाट नहीं है। सामान्य घाट है ऐसे में मौके तक पहुंचना दुरुह रहा है, हालांकि जानकारी होते ही मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। परिणाम स्वरूप दो बच्चियों को सुरक्षित बचा लिया गया था।

## कोलकाता में अवैध कॉल सेंटर पर छापेमारी, 1.18 करोड़ कैश के साथ 4 गिरफ्तार

**कोलकाता । आरएनएस**

कोलकाता के गार्डेन रीच थाना क्षेत्र में स्थित आयरन गेट रोड पर व्हाइट हाउस बिल्डिंग में एक बड़े साइबर अपराध नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। मंगलवार को एक जांच टीम ने यहां छापेमारी की। मौके से चार लोगों को पकड़ा गया और लगभग 1.18 करोड़ रुपये का कैश तथा कुछ स्वर्णाभूषण जब्त किए गए।




कोलकाता पुलिस के संयुक्त सीपी (अपराध) के अनुसार, यह छापेमारी 25 फरवरी को की गई थी। मामले में आरोपितों पर आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 66/66सी/66डी/43 के तहत अपराध दर्ज किया गया, साथ ही अन्य धाराओं जैसे 61(2)/319(2)/318(4)/336(2)/336(3)/338/340(2) के तहत भी जांच की जा रही है। इन आरोपियों पर अवैध कॉल सेंटर चलाने का आरोप है, जिसमें लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

छापेमारी के दौरान पुलिस को यहां से कई लैपटॉप, राउटर और अन्य दस्तावेज भी मिले, जो इस घोटाले में शामिल गतिविधियों को उजागर करने के लिए अहम साक्ष्य हो सकते हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुर्शील खान (28), जस्टिन पॉल (28), मोहम्मद शाहरुख (33), और खालिद यूसुफ खान (29) शामिल हैं। ये सभी आरोपी कॉल सेंटर के जरिए लोगों को धोखा देने के काम में लगे हुए थे।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों को एलडी सीजेएम अदालत में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस कस्टडी मांगी जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह गिरफ्तारी साइबर अपराध की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आगे भी ऐसे अपराधों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

## सेबी ने साइबर सुरक्षा में चूक के लिए 'आईसीसीएल' पर लगाया 5.05 करोड़ रुपये का जुर्माना

**मुंबई । आरएनएस**




भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को साइबर सुरक्षा और सिस्टम ऑडिट से जुड़े नियमों का पालन करने में विफल रहने के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की सहायक कंपनी इंडियन क्लियरिंग कॉरपोरेशन (आईसीसीएल) पर 5.05 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया।

सेबी ने दिसंबर 2022 से जुलाई 2023 के बीच आईसीसीएल का निरीक्षण किया और बाद में अक्टूबर 2024 में 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया। निष्कर्षों की समीक्षा करने के बाद, बाजार नियामक ने आईसीसीएल के संचालन में कई उल्लंघन पाए। उल्लंघन में एक प्रमुख मुद्दा यह था कि आईसीसीएल ने अपने प्रबंधन या बोर्ड की किसी भी टिप्पणी के बिना सेबी को अपनी नेटवर्क ऑडिट रिपोर्ट पेश की।

नियमों के अनुसार, ऑडिट रिपोर्ट की पहले मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर संस्थानों के गवर्निंग बोर्ड द्वारा समीक्षा की जानी चाहिए और ऑडिट पूरा होने के एक महीने के भीतर सेबी को पेश करने से पहले उनकी प्रतिक्रिया शामिल की जानी चाहिए। सेबी ने यह भी पाया कि आईसीसीएल ने सॉफ्टवेयर क्लासिफिकेशन सहित आईटी एसेट्स की एक अप-टू-डेट इन्वेंट्री मेंटेन नहीं रखी थी। हालांकि, आईसीसीएल ने साल में दो बार साइबर ऑडिट किया, लेकिन इन ऑडिट में उठाए गए मुद्दों को समय पर हल नहीं किया गया। एक और बड़ा उल्लंघन आईसीसीएल की आपदा रिकवरी सिस्टम से जुड़ा था।

सेबी के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्राइमरी डेटा सेंटर (पीडीसी) और आपदा रिकवरी साइट (डीआरएस) के बीच वन-टू-वन मैच की जरूरत होती है, लेकिन आईसीसीएल यह सुनिश्चित करने में विफल रहा। सेबी के अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण, जी रामर ने आदेश जारी करते समय मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर संस्थानों पर डॉ. बिमल जालान समिति की 2010 की रिपोर्ट का हवाला दिया। नियामक ने आईसीसीएल को 45 दिनों के भीतर जुर्माना भरने का निर्देश दिया।

## महाकुंभ पहुंची जूही चावला ने संगम में लगाई 'आस्था' की डुबकी

**मुंबई । आरएनएस**

महाशिवरात्रि के अवसर पर अभिनेत्री जूही चावला पति जय मेहता के साथ प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ पहुंचीं, जहां उन्होंने संगम में डुबकी लगाई। जूही ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर आस्था की यात्रा की झलक दिखाई।



जूही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो मोंटाज अपलोड किया, जिसमें उनकी आस्था की यात्रा की सभी तस्वीरें शामिल थीं। इसमें जूही और घाट पर जाते हुए, संगम में डुबकी लगाते और प्रार्थना करते दिखाई दीं। वीडियो के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, आस्था, भक्ति और आशीर्वाद की यात्रा। जूही से पहले महाकुंभ में मंगलवार को अभिनेता और राजनेता रवि किशन भी पहुंचे, जहां उन्होंने संगम में सपरिवार डुबकी लगाई। किशन ने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ इसकी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं।

अभिनेता ने सोशल मीडिया पर पवित्र डुबकी लगाने का एक वीडियो शेयर करते हुए प्रशंसकों को जानकारी दी। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए क्लिप में वह अपने परिवार के साथ नदी में डुबकी लगाते नजर आए। प्रयागराज में आयोजित भव्य धार्मिक आयोजन महाकुंभ में आम लोगों के साथ ही फिल्म जगत के सितारे भी बढ़-चढक़र हिस्सा ले रहे हैं। अभिनेत्री प्रीति जिंटा भी संगमनगरी पहुंचीं, जिसे उन्होंने 'सत्यम् शिवम् सुंदरम्' बताया। प्रीति जिंटा से पहले अक्षय कुमार भी महाकुंभ पहुंचे, जहां उन्होंने डुबकी लगाने के साथ ही शानदार व्यवस्था के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार भी जताया।

## महाकुंभ में 65 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभ नगर । आरएनएस**

तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 65 करोड़ का आंकड़ा पार कर कीर्तिमान गढ़ दिया है।



महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर सुबह आठ बजे तक ही लाखों लोगों ने स्नान कर इस महारिकॉर्ड को स्थापित कर इस महाकुम्भ को संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। कुम्भ ही नहीं, दुनिया के किसी भी आयोजन में आज तक एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं जुटे हैं, जितने 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुट गए। यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है।

65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। 65 करोड़ श्रद्धालुओं के किसी एक स्थान पर जुटने का इतिहास में और कोई उदाहरण नहीं दिखाई देता। सनातन के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था, दृढ़ निश्चय और विश्वास का ही यह फल है कि संगम तट पर इतना विशाल जनसमूह 45 दिनों में एकत्र हो गया।

यदि इस संख्या की दुनिया भर के देशों की आबादी से तुलना की जाए तो कई देशों की आबादी इसमें समा जाएगी। अमेरिका की दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुनी से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां अब तक आ चुके हैं। यही नहीं, जापान की 5 गुनी आबादी, यूके की 10 गुनी से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुनी से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है।

तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित इस महाकुम्भ में संख्या के लिहाज से भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो इसके अनुसार भी लगभग 50 प्रतिशत भारत ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा ली है। वहीं अगर सनातन धर्मावलंबियों की बात करें तो देश के 60 प्रतिशत से ज्यादा और दुनिया के करीब 55 प्रतिशत सनातनी श्रद्धालुओं ने पावन स्नान कर लिया है।

45 दिन तक चले इस आयोजन में श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए दुनिया भर से श्रद्धालु जुटे हैं। 73 देशों के राजनयिकों के साथ भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुम्भ के साक्षी बन चुके हैं।

इसके अलावा इटली, फ्रांस, यूके, पुर्तगाल, अमेरिका, इजराइल, ईरान, मॉरीशस समेत दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी।

सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। हालांकि, श्रद्धालुओं की संख्या सीएम योगी के अनुमान से भी आगे निकल गई। बीती 11 फरवरी को ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं का आंकड़ा पार हो गया, जबकि 22 फरवरी को यह संख्या 60 करोड़ से भी ऊपर पहुंच गई। महाशिवरात्रि पर 65 करोड़ की संख्या पार कर इसने नया कीर्तिमान बना दिया।